प्रेस नोट

जनपद अम्बेडकरनगर

दिनांक-05.11.2024

जनपद अम्बेडकरनगर थाना को0 टाण्डा पुलिस टीम द्वारा एक नफर शातिर चोर को अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई तीन अदद मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय,जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा अपराधों के रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0 टाणडा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 05.11.2024 को चेकिंग सदिंग्ध व्यक्ति/वाहन/क्षेत्र भ्रमण के दौरान चौक घण्टा घर से सब्जी मण्डी की तरफ आ रहे एक बाइक सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया तो एक व्यक्ति जो पीछे बैठा था मौका पाकर भाग गया। शक के आधार बाइक चालक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

विवरण पूछताछ-

पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम 01.मो0 रफीक पुत्र स्व0 मो0 रसीद निवासी मोहल्ला छज्जापुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 25 वर्ष बताया। और बताया कि यह गाड़ी चोरी की है। भागे हुए व्यक्ति के बारे में पूछा गया तो बताया कि साहब जो मेरी मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा था भाग गया है उसका नाम फरीद अहमद उर्फ बाबू पुत्र दोस्त मोहम्मद निवासी छज्जापुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर है जो मेरा दोस्त है हमदोनो मिलकर मोटरसाइकिलों की चोरी करते है। मोटरसाइकिलों का नम्बर प्लेट बदलकर चलाते है और उन्ही गाड़ियो से इधर उधर घूम-घूम कर रेकी करते है।जब तक गाड़ी बिक नही जाती है तब तक नम्बर प्लेट बदलकर चलाते है और जगह बदल-बदलकर खड़ी कर देते है। और ग्राहक खोजकर गाड़ी के कागज बाद मे देने की बात बताकर औने पौने दामो में उन गाडियों को बेच देते है।और उससे जो पैसा मिलता है उसे आपस मे बांट कर अपने ऊपर खर्च करते है। यह हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल हम दोनो ने नगर बाजार जिला बस्ती से लगभग 8-9 महीना पहले चोरी किये थे और कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि साहब माह जुलाई में मैं व फरीद अहमद उर्फ बाबू दोनो लोग मिलकर मोहल्ला हयातगंज में नगर पालिका के सामने सरदार पानी वाले के घर के पास से गली में खड़ी टीवीएस मोपेड मो0सा0 (विक्की) चोरी किये थे। जिसपर नम्बर प्लेट नही था उसका चेचिस नम्बर के कुछ अंक/शब्द मिटाकर व फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर मैं व फरीद अहमद उर्फ बाबू चलाते है। एक मोटरसाइकिल बजाज प्लेटिना जिसका नम्बर प्लेट हटा दिये हैं जो मदारपुर थाना नगर बस्ती से हम और फरीद अहमद उर्फ बाबू मिलकर करीब 04 महीने पहले चोरी किये थे। अभियुक्त उपरोक्त के कब्जे/निशानदेही पर अन्य दो मोटरसाईकिल भी बरामद की गई।

थाना कोतवाली टाण्डा पर पंजीकृत मु0अ0स0-355/24 धारा 303(2), 317(2) ,317(4), 317(5), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) BNS से सम्बन्धित मोटरसाइकिल टीवीएस एक्स एल 100 मोपेड जिसका चेचिस नं0 MD621BP21P1E13568 तथा इंजन नं0 AP2EP1500210 जिस पर UP 45 S 5903 नम्बर प्लेट लगा हुआ है। तथा मु0अ0सं0 25/2024 धारा 379 भादवि थाना नगर जनपद बस्ती से सम्बन्धित एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल जिसके नम्बर प्लेट पर नम्बर UP 45 AE 8439 अंकित है। व मु0अ0सं0 181/2024 धारा 303(2) बीएनएस थाना नगर जनपद बस्ती से सम्बन्धित बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल जिस पर कोई रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही है। गिरफ्तारशुदा उपरोक्त अभियुक्त के आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

विवरण गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1.मो0 रफीक पुत्र स्व0 मो0 रसीद निवासी मो0 छज्जापुर थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 25 वर्ष।

विवरण बरामदगी-

1. एक अदद मोटरसाइकिल टीवीएस एक्सएल 100 मोपेड जिसका चेचिस नं0 MD621BP21P1E13568 तथा इंजन नं0 AP2EP1500210 जिस पर UP 45 S5903 नम्बर प्लेट लगा हुआ है।
2. एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल जिसके नम्बर प्लेट पर नम्बर UP 45 AE 8439 अंकित है सम्बन्धित मु0अ0सं0 25/24 धारा 379 भादवि थाना नगर जनपद बस्ती।
3. बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल जिस पर कोई रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही है सम्बन्धित मु0अ0सं0 181/24 धारा 303(2) बीएनएस थाना नगर जनपद बस्ती।

गिरफ्तारी का दिनांक:- 05.11.2024 समय:- 03.05 बजे

विवरण आपराधिक इतिहास:-

1. मु0अ0सं0 85/23 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अलीगंज जनपद अम्बेडकरनगर।
2. मु0अ0सं0 293/23 धारा 352/504/506 भादवि थाना को0 टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर।
3. मु0अ0सं0 355/24 धारा 303(2), 317(2),317(4),317(5), 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2) BNS थाना को0 टाण्डा अम्बेडकरनगर।
4. मु0अ0सं0 25/24 धारा 379 भादवि थाना नगर जनपद बस्ती।
5. मु0अ0सं0 181/24 धारा 303(2), BNS थाना नगर जनपद बस्ती।

विवरण गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम-

01.प्र0नि0 दीपक सिंह रघुवंशी,

02.व0उ0नि0 वेद प्रकाश यादव

03.उ0नि0यू0टी0 अरुण कुमार

04.का0 अविनाश कुमार

05.का0 विकास कुशवाहा

06.का0 गोविन्द कन्नौजिया

07.का0 सूरज गिरि

08.का0 अभय गुप्ता

09.का0 सुमित चौधरी